

जब मैंने वापसी की, विराट कोहली ने मेरा सपोर्ट किया। अगर उन्होंने मेरा समर्थन नहीं किया होता तो मैं वापसी नहीं कर पाता। लेकिन तब धोनी थे जिन्होंने मुझे 2019 को लेकर सही तस्वीर दिखाई। उन्होंने बताया कि चयनकर्ता उनके बारे में नहीं सोच रहे हैं। - युवराज सिंह

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, अपने कमबैक को लेकर खोला राज।




**आज का खिलाड़ी** यशस्वी जयसवाल



वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने वाले बायें हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय टीम में चयन की संभावना को लेकर उन्हें घबराहट और रोमांच दोनों का अहसास था। उन्होंने कहा, " मुझे अच्छा महसूस हो रहा है और इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।" राजस्थान रॉयल्स के कोच कुमार संगकारा, इस टीम के उनके साथी ट्रेंट बोल्ट और जो रूट ऐसे दिग्गजों के अलावा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा राष्ट्रीय टीम में जायसवाल की दावेदारी का समर्थन कर चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

## जापान में 18वें स्थान पर रहे कवीन

मुराता (जापान), 24 जून। भारतीय राइडर कवीन समर क्विंटल ने यहां 2023 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (एआरआरसी) के तीसरे चरण में 18वां स्थान हासिल किया। स्पोर्ट्सलैण्ड सुगो सर्किट पर मौसम की चरम परिस्थितियों और ज़बरदस्त प्रतियोगिता के बीच क्विंटल ने एपी250सीसी में 20 मिनट 52.959 सेकंड के कुल लैप टाइम के साथ 18वें स्थान पर रेस खत्म की। आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले कवीन का सर्वश्रेष्ठ लैप एक मिनट 42.481 सेकंड में पूरा हुआ। इससे पहले आज के क्वालिफाइंग राउण्ड में कवीन ने एक मिनट 42.002 सेकंड का प्रभावशाली लैप समय दर्ज किया था। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया के बिक्री एवं वाणिज्य निदेशक योगेश माथुर ने कहा, हम जापान में एशियाई रोड रेसिंग चैंपियनशिप के तीसरे चरण में कवीन क्विंटल के प्रयासों की सराहना करते हैं। प्रतिस्पर्धा मुश्किल थी और सर्किट पर मैदान की परिस्थितियां अपने आप में चुनौती बनी हुई थीं। ज़बरदस्त मुकाबले और मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने प्रतिबद्धता एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। आज का प्रदर्शन हमारी उम्मीदों से कुछ कम रहा, लेकिन इसने हमें एक टीम के रूप में सीखने का बेजोड़ अनुभव प्रदान किया। यह सबक हमें आगामी रेस में सुधार लाने के लिये प्रेरित करेगा।

## इंग्लैंड ने पहली पारी 393 रन पर घोषित कर अति आक्रामकता दिखायीः पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर गीव्स

मेलबर्न, 24 जून। आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट गीव्स का मानना है कि एशेज के दौरा इंग्लैंड का अति आक्रामकता भरा रवैया उस पर भारी पड़ सकता है। गीव्स ने कहा कि एजबेस्टन में पहले टेस्ट के पहली दिन ही पारी घोषित कर बेन स्टोक्स की टीम ने 'अति अंहकार' का संकेत दिया। इंग्लैंड ने पहली पारी आठ विकेट पर 393 रन पर घोषित कर दी थी जबकि जो रूट 118 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और घरेलू टीम कुछ और रन आसानी से जुटा सकती थी जिससे उन्हें मनोवैज्ञानिक फायदा मिल जाता। कई विशेषज्ञों ने इंग्लैंड के इस तरह पारी घोषित करने के फैसले की आलोचना की थी और आस्ट्रेलिया ने दो विकेट से टेस्ट मैच जीत लिया था। नतीजा हासिल करने के लिए अति आक्रामक रूख अपनाने के इंग्लैंड के खेल को 'बाजबॉल' कहा जाता है और गीव्स का मानना है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ यह उनका यह रवैया कारगर साबित नहीं होगा। गीव्स ने शनिवार को 'सेन रेडियो' से कहा, "बाजबॉल की वजह से इंग्लैंड को असफलता मिली और मुझे लगता है कि अगर हम हार भी जाते हैं तो कम से कम हम सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं और वैसे भी हम पहले टेस्ट में जीत ही गये। "

## राष्ट्रीय महिला चैंपियनशिप का फाइनल 28 जून को

अमृतसर, 24 जून। पंजाब फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित हीरो 27वीं सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच 28 जून को गुरु नानक देव स्टेडियम में खेला जायेगा। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अमृतसर फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि 14 जून से शुरू हुई चैंपियनशिप के पूल-ए में से तमिलनाडु और ओडिशा ने जबकि पूल-बी से हरियाणा और रेलवे ने सेमीफाइनल में जगह बनायी है। कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबलों में हरियाणा का मुकाबला ओडिशा से और रेलवे का मुकाबला तमिलनाडु से होगा। सेमीफाइनल मुकाबले 26 जून को खेले जायेंगे और ये मैच जीतने वाली टीमें 28 जून को खिताब के लिये फाइनल में भिड़ेंगी। फाइनल के बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे पुरस्कार वितरण करेंगे।

## चिक्कारंगप्पा कोरिया ओपन में 28वें स्थान पर

चियोनान, 24 जून। भारतीय गोल्फर एस चिक्कारंगप्पा ने शनिवार को यहां कोलोन कोरिया ओपन के तीसरे दौर में छह ओवर 75 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 28वें स्थान पर चल रहे हैं। टूर्नामेंट में सात भारतीय गोल्फरों में से दो ही दूसरे दौर के बाद कट में जगह बना सके थे। चिक्कारंगप्पा (69-73-75) ने पहले दौर में दो अंडर 69 का कार्ड बनाया था जिससे वह पहले दिन शीर्ष पांच में शामिल थे। कट में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय हनी बेसोया (73-72-75) हैं जो सात ओवर से संयुक्त 41वें स्थान पर चल रहे हैं। विराज मदप्पा (74-76), एसएसपी चौरसिया (74-76), करणदीप कोच्चर (80-71), अजीतेश संधू (77-76) और राहिल गंगजी (76-77) कट में जगह बनाने से चूक गये।

## ज्वेरेव को हराकर बुलबिक हाले ओपन के फाइनल में

हाले (जर्मनी), 24 जून। एलेक्सजैंडर बुलबिक ने शनिवार को यहां जर्मनी के एलेक्सजैंडर ज्वेरेव को 6-3, 7-5 से हराकर हाले ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। कजाखस्तान के इस 48वीं रैंकिंग के खिलाड़ी ने नौवी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव को एक घंटे 27 मिनट में शिकस्त दी। ज्वेरेव 2016 और 2017 में हाले फाइनल में पहुंचे थे। अब फाइनल बुलबिक का सामना रोबर्टो बतिस्ता एगुट और आंद्रे रूबलेव के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

# सैफ चैंपियनशिप : भारत ने नेपाल को 2-0 से हराया



बेंगलुरु, 24 जून। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने शनिवार को सैफ चैंपियनशिप के एकतरफा मुकाबले में नेपाल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें मजबूत कर लीं। श्री कांतीरवा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम के गोल कप्तान सुनील छेत्री (61वां मिनट) और महेश सिंह (70वां मिनट) ने किये। गुरप्रीत संधू ने पहले हाफ में नेपाल के एकमात्र अर्थपूर्ण प्रयास को रोककर क्लीन शीट बरकरार रखी। भारत इस जीत के साथ सैफ चैंपियनशिप की ग्रुप-ए तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसका अगला मुकाबला मंगलवार को तालिका में शीर्ष पर काबिज़ कुवैत से होगा, जो विशेष आमंत्रण पर चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहा है। नेपाल और भारत के बीच खेले गये मुकाबले के पहले हाफ में 17वें मिनट के अलावा कोई खास मौका नहीं बना। लाकेन लिंबू ने 17वें मिनट में नेपाल के लिये कॉर्नर लिया। भारतीय डिफेंडर ने गोल के पास आती बॉल को हेडर मारकर हटा दिया, हालांकि वह नेपाल के अलिक बिस्ता के सामने जा गिरी। बिस्ता ने टप्पे पर शानदार किक मारी लेकिन भारतीय गोलकीपर संधू ने दर्शनीय प्रयास के साथ नेपाल को बढ़त लेने से रोक दिया।

भारत को 31वें मिनट में फ्री किक मिली जिसे सुनील छेत्री डिफेंडर अनंत तमांग के पार नहीं पहुंचा सके। भारत 40वें मिनट में भी बढ़त बना सकता था लेकिन उदांता का प्रयास नेपाल के कप्तान और गोलकीपर किरण लिंबू ने सफल नहीं होने दिया। नेपाल हाफ टाइम से ठीक पहले बिस्ता की जगह आवेश लमिछान्ने को पिच पर लेकर आयी लेकिन दोनों ही टीमों को पहले हाफ में शून्य गोल से संतोष करना पड़ा। भारत ने दूसरे हाफ में गेंद को अपने अर्द्ध में रखकर फ्लैंक की ओर से आक्रमण करने की योजना बनायी। कुछेक मौके असफल होने के बाद भारत ने खाता तब खोला जब महेश लेफ्ट फ्लैंक पर गेंद को लेकर नेपाल के गोलपोस्ट की ओर दौड़ पड़े और छेत्री ने उनके क्रॉस की मदद से गेंद को नेट में पहुंचा दिया।

नेपाल इस गोल से संभला ही था कि भारत ने एक बार फिर फ्लैंक से हमला करने की योजना बनायी। इस बार छेत्री की किक पर गेंद क्रॉसबार से लगकर नीचे गिर गयी, लेकिन वहीं खड़े महेश ने गेंद को नेट में पहुंचाने में कोई गलती नहीं की। मैच के 76वें मिनट में भी भारत के लिये एक मौका बना, लेकिन इसे गंवाने के बावजूद छेत्री की टीम 2-0 से मुकाबला जीत गयी।

## कुवैत ने पाकिस्तान को 4-0 से पीटा

बेंगलुरु, 24 जून। कुवैत ने मुबारक अल-फनैनी के दो गोलों के दम पर सैफ चैंपियनशिप के ग्रुप-ए मुकाबले में पाकिस्तान को 4-0 से पीटकर सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ा लिया। श्री कांतीरवा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में फनैनी (17वां, 45 1वां मिनट) ने कुवैत के लिये दो गोल किये। हसन अल एनेज़ी (10वां मिनट) और ईद नासर अल राशिदी (69वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया।

कुवैत जहां नेपाल और पाकिस्तान को हराकर ग्रुप-ए के शीर्ष पर है, वहीं पाकिस्तान भारत और कुवैत के विरुद्ध दोनों मुकाबले हारने के बाद तालिका में सबसे नीचे पहुंच गया है। टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज़ कुवैत शुरू से ही फ्रंटफुट पर रहा और उसने बढ़त लेने का दृढ़ संकल्प दिखाया। सफलता के लिए उनके शुरुआती प्रयास का लाभ तब मिला जब हसन ने 10वें मिनट में बॉल को नेट में पहुंचाया। उन्होंने दाएं फ्लैंक से एक लंबे क्रॉस का पीछा किया और अपना समय लेने के बाद गेंद को अंदर डाल दिया।

कुवैत ने 1-0 की बढ़त लेने के बाद भी अपना दबदबा बनाये रखा और गेंद पर कब्ज़ा रखा। उन्हें आधे घंटे से पहले एक और सफलता मिली जब अलराशिदी को काउंटर पर ड्रिबल करने के लिए पर्याप्त जगह मिली। अलराशिदी ने अल-फनैनी को अंतिम पास दिया, जिन्होंने कुवैत की बढ़त दोगुनी करने में कोई गलती नहीं की। दूसरी ओर, पाकिस्तान 38वें मिनट में खाता खोलने के करीब आया जब हारुन हामिद ने बॉक्स के अंदर एक आकर्षक क्रॉस दिया। उनका कोई भी साथी हालांकि बॉल को नेट में पहुंचाने के लिये सही जगह पर नहीं था।

अलराशिदी ने पहले हाफ के अतिरिक्त समय में कुवैत की बढ़त 3-0 कर पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ा दीं। भारी बढ़त लेने के बावजूद कुवैत ने अपनी आक्रामकता कम नहीं की। आखिरकार अलराशिदी ने 69वें मिनट में अपना दूसरा और कुवैत का चौथा गोल कर दिया। कुवैत अब मंगलवार को अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मुकाबले में मेजबान भारत से भिड़ेगा, जबकि पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा।

# हमने ट्रायल्स में छूट की मांग नहीं की, सिर्फ तैयारी का समय मांगा थाः पहलवान

नयी दिल्ली, 24 जून। एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल्स से छूट मिलने के लिए साथी पहलवानों के विरोध का सामना कर रहे आंदोलनकारी पहलवानों ने आईओए से इस तरह की छूट की मांग से इनकार किया और कहा कि अगर यह साबित हो गया तो वे कुश्ती छोड़ देंगे।

लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने शुक्रवार को सवाल उठाये थे कि क्या ये पहलवान इस तरह की छूट हासिल करने के लिए ही विरोध कर रहे थे और उन्होंने जूनियर पहलवानों, उनके कोचों और अभिभावकों से इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही थी। साक्षी ने सोशल मीडिया पर लाइव चैट में कहा, "हमने ट्रायल्स में छूट नहीं मांगी थी, बस तैयारी के लिए समय मांगा था। " बजरंग ने कहा, "अगर आपको एक मुकाबले के ट्रायल से परेशानी थी तो आपको खेल मंत्री के पास जाना चाहिए था। लेकिन आपने सोशल मीडिया के जरिए जहर फैलाने का फैसला किया। " उन्होंने साथ ही कहा, "अगर यह साबित हो जाए कि हमने छूट मांगी थी तो हम कुश्ती छोड़ने को तैयार हैं। हमने छूट के लिए कभी कोई पत्र नहीं लिखा। " इन पहलवानों ने अपनी लड़ाई जारी रखने की कसम भी खायी।

विनेश ने कहा, "बृज भूषण शरण सिंह को सजा मिलने तक हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, हम आरोप पत्र दाखिल होने का इंतजार कर रहे हैं। " साक्षी, बजरंग और विनेश फोगाट महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# अगस्त तक मैदान में वापसी कर सकते हैं बुमराह



बेंगलुरु, 24 जून। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अगस्त में भारत और आयरलैंड के बीच होने वाली टी20 शृंखला के जरिए मैदान पर वापसी कर सकते हैं। क्रिकबज की ओर से शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अगले महीने कुछ मैच खेलेंगे। इन मैचों के जरिए बुमराह की स्थिति का आकलन किया जाएगा। बुमराह की देखरेख के जिम्मेदार लोग देखना चाहते हैं कि मैच के अगले दिन वह कैसा महसूस करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एनसीए के मैचों के बाद ही बुमराह की आयरलैंड शृंखला में खिलाने पर फैसला लिया जाएगा, जिसके मैच 18, 20 और 23 अगस्त को आयोजित होने हैं। बुमराह की वापसी का अंतिम लक्ष्य उन्हें अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए तैयार करना है। इसके लिए भारतीय टीम पहले टी20 में उनकी क्षमता का परीक्षण करना चाहता है। आयरलैंड शृंखला भारतीय टीम, चयनकर्ताओं, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनके संचालकों और बीसीसीआई की योजना के अनुरूप है, जो सामूहिक रूप से चाहते हैं कि वह धीरे-धीरे मैच फिटनेस हासिल करें, जिसकी शुरुआत चार ओवर के स्पेल वाले टी20 मैच से हो।

उल्लेखनीय है कि शुरुआत में पीठ की समस्या और बाद में पीठ की सर्जरी के कारण बुमराह पिछले साल सितंबर से मैदान से बाहर हैं। वह वर्तमान में बेंगलुरु में एनसीए में रीहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वह 70 प्रतिशत ठीक हो चुके हैं। आयरलैंड के मैच लगभग दो महीने दूर होने के कारण, थिंक-टैंक को उम्मीद है कि वह डबलिन में होने वाले मुकाबलों के लिए तैयार रहेंगे।

# जूनियर विश्व कप 2023 के पूल सी में भारत

नयी दिल्ली, 24 जून। मलेशिया के कुआलालंपुर में पांच से 16 दिसंबर के बीच होने वाले अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के लिए भारत को पूल सी में रखा गया है। एफआईएच ने शनिवार को इसकी घोषणा की। पूल सी में भारतीय टीम कनाडा, कोरिया और स्पेन के साथ है। भारत का अभियान पांच दिसंबर को कोरिया के खिलाफ शुरू होगा, जबकि वह सात दिसंबर को अपने दूसरे पूल गेम में स्पेन से भिड़ेगा। अपने तीसरे और आखिरी पूल मुकाबले में भारत नौ दिसंबर को कनाडा का सामना करेगा।

एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप 2023 प्रारूप के अनुसार पूल चरण में प्रत्येक टीम अपने संबंधित पूल में अन्य तीन टीमों से एक बार खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इसी बीच, एफआईएच ने नई जूनियर टीम रैंकिंग की घोषणा भी की, जिसके अनुसार भारत विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है।

भारतीय जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, हमें बेहद खुशी है कि हम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। यह नई रैंकिंग पिछले कुछ सालों में हमारी मेहनत और दृढ़ता दिखाती है। उन्होंने कहा, विश्व कप के पूल ड्रॉ ने हमें कठिन प्रतिद्वंदिता के लिए तैयार कर दिया है। हम इतने बड़े टूर्नामेंट का हिस्सा बनने को लेकर रोमांचित हैं और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपने आप को आजमाने के लिए तैयार हैं। हमारा लक्ष्य अपने देश को गौरवान्वित करना और अपनी छाप छोड़ना है।

भारतीय जूनियर टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा कि जूनियर विश्व कप के शुरू होने में सिर्फ 164 दिन बचे हैं, जहां भारत विश्व कप में तीसरी बार चैंपियन बनने का स्वाद चखना चाहेगा। सफर लंबा है और इन खिलाड़ियों के पास एक बार फिर शीर्ष खिताब हासिल करने की क्षमता है। हमारे पास पिछले विश्व कप से पांच खिलाड़ी हैं जो इस बार केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। अन्य खिलाड़ी उनके अनुभव से सीख रहे हैं। हाल ही में ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 में विजयी होने के बाद भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम आत्मविश्वास के साथ एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप 2023 में उतरेगी। भारत ने इससे पहले 2001 और 2016 में जीता है, जबकि 1997 में उसने रजत पदक जीता था।

## नेपाल को हराकर सुपर-6 में नीदरलैंड

हरारे, 24 जून। नीदरलैंड ने लोगन वैन बीक (24/4) की शानदार गेंदबाजी के बाद मैक्स ओडाउड (90) के तूफानी अर्द्धशतक की मदद से विश्व कप क्वालीफायर के पहले चरण में शनिवार को नेपाल को सात विकेट से हराकर सुपर-6 चरण में जगह बना ली। नीदरलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए नेपाल को 167 रन पर ऑलआउट कर दिया। ओडाउड ने बास डी लीड (41 नाबाद) और विक्रमजीत सिंह (30) की मदद से डच टीम को 27.1 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। वेस्ट इंडीज और ज़िम्बाब्वे के बाद नीदरलैंड ग्रुप-ए से सुपर-6 में पहुंचने वाली तीसरी टीम है। नेपाल के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का उसका फैसला शुरुआत से ही सही साबित हुआ और वैन बीक ने सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख को शून्य रन पर पवेलियन लौटा दिया। विक्रमजीत ने पांव जमा चुके कुशल भुर्तेल (42 गेंद, 27 रन) को आउट करने के बाद आरिफ शेख (छह) का भी विकेट निकाला, जबकि क्लेटन फ्लॉयड ने भीम (56 गेंद, 22 रन) का संघर्ष समाप्त किया। नेपाल के लिये कप्तान रोहित ने 55 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ सर्वाधिक 33 रन बनाये। वैन बीक ने रोहित का विकेट चटकाने के बाद दीपेंद्र सिंह (14) और संदीप लामिछन्ने (33 गेंद, 27 रन) के भी विकेट निकाले।

# जयपुर बैडमिंटन में आराध्या जोधा का धमाका



जयपुर, 24 जून। जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी की आराध्या जोधा ने 15 वर्ष बालिका वर्ग में स्टार खिलाड़ी अन्वी राठौड़ को सेमीफाइनल में तीन गेमों में 10-21, 21-15, 21-13 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई वही उसका मुकाबला उसकी डबल पार्टनर में जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी की देशना जैन से होगा। सुबह खेले गए 13 लड़कियों डबल्स फाइनल में देशना जैन व आराध्य जोधा की जोड़ी ने अदा व मानसी को फाइनल में परास्त किया। गर्ल्स सिंगल से एकल फाइनल में 17 वर्ष में नव्या अरोड़ा ने प्रतीक्षा शाह को 21-19 21-11 से हरा फाइनल में जगह बनाई लड़कों के अंडर 15 सेमी फाइनल में मानस परवाल ने रुद्राक्ष मिड्ढा को 21-5, 21-11 से हरा फाइनल में जगह बना ली है जहां उनका मुकाबला दिव्यांश तोमर से होगा।

मिक्स डबल्स में जयकुमार घटक व अदविका अठावाल ने फाइनल में जगह बनाई उनका मुकाबला प्रेक्षा हुरकत हरसिल से होगा से होगा। लड़कों के 17 वर्षीय के कल में शौर्य सिंह शेखावत का मुकाबला आहन गुप्ता से होगा। लड़कियों के 17 गर्ल्स डबल्स फाइनल में प्रियांशी सैनी वे तनिष्का यादव ने फाइनल में जगह बनाई।

# शीर्ष क्रम में दो खब्बू बल्लेबाज देखना चाहते हैं शास्त्री

नयी दिल्ली, 24 जून। भारत के पूर्व कोच और कॉमेंटेटर रवि शास्त्री इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारतीय टीम में दो वामहस्त बल्लेबाजों को देखना चाहते हैं। शास्त्री ने द वीक पत्रिका को दिये गये साक्षात्कार में कहा, आपको सही संतुलन ढूंढने की जरूरत है। क्या आपको लगता है कि एक बाएं हाथ का खिलाड़ी शीर्ष क्रम में अंतर पैदा करेगा? जरूरी नहीं कि वह ओपनर ही हो, बल्कि शीर्ष तीन या चार में से भी कोई हो सकता है। आपको उन सभी विकल्पों पर विचार करना होगा। आदर्श रूप से, मैं शीर्ष छह में दो बाएं हाथ के खिलाड़ियों को देखना चाहूंगा।

कार दुर्घटना में घायल होने के कारण इस साल ऋषभ पंत के कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेलने से भारत ने एकदिवसीय क्रिकेट में एक प्रमुख बाएं हाथ का खिलाड़ी खो दिया है। टीम प्रबंधन ने कई मौकों पर ईशान किशन को मौका दिया है। रवींद्र जडेजा एक और विकल्प हैं लेकिन उन्हें शीर्ष छह में बल्लेबाजी करने का ज्यादा अनुभव नहीं है। यशस्वी जयसवाल को वेस्टइंडीज सीरीज के लिये



भारत की टेस्ट टीम में जगह मिली, लेकिन एकदिवसीय स्क्वाड से उनका नाम गायब रहा।

शास्त्री ने कहा, आपके पास ईशान किशन हैं। विकेटकीपिंग विभाग में, आपके पास संजू (सैमसन) हैं, लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाजों में, आपके पास (यशस्वी) जायसवाल, तिलक वर्मा हैं। हमारे पास बाएं हाथ की पर्याप्त प्रतिभा है जो इस समय किसी भी वरिष्ठ खिलाड़ी की जगह ले सकती है। शास्त्री ने इस अवसर पर संजू सैमसन की भी तारीफ की और कहा कि वह अभी तक अपनी

**आपको सही संतुलन ढूंढने की जरूरत है। क्या आपको लगता है कि एक बाएं हाथ का खिलाड़ी शीर्ष क्रम में अंतर पैदा करेगा? जरूरी नहीं कि वह ओपनर ही हो, बल्कि शीर्ष तीन या चार में से भी कोई हो सकता है। आपको उन सभी विकल्पों पर विचार करना होगा। आदर्श रूप से, मैं शीर्ष छह में दो बाएं हाथ के खिलाड़ियों को देखना चाहूंगा।**

पूरी प्रतिभा का प्रयोग नहीं कर सके हैं।

शास्त्री ने कहा, मेरा मानना है कि संजू (सैमसन) है, जिसे अभी तक अपनी क्षमता का एहसास नहीं हुआ है। वह एक मैच जिताऊ खिलाड़ी है। अगर वह अपना करियर अच्छे प्रदर्शन के साथ समाप्त नहीं करता है तो मुझे निराशा होगी। यह जैसे जब मैं कोच था, तब मुझे निराशा होती अगर रोहित शर्मा नियमित टेस्ट खिलाड़ी के रूप में मेरी टीम में नहीं खेलते। इसलिए, वह बल्लेबाजी की शुरुआत करते हैं। मैं संजू के साथ भी ऐसा ही महसूस करता हूं। विश्व कप की ओर बढ़ते हुए शास्त्री ने सुझाव दिया कि खिलाड़ियों के चोटग्रस्त होने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन को 15-20 खिलाड़ियों का एक समूह तैयार करना चाहिये।

उन्होंने कहा, हमारे पास बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं। जायसवाल, तिलक वर्मा, नेहाल वढेरा। वहां (साई) सुदर्शन हैं, जिन्होंने (आईपीएल) फाइनल में बहुत अच्छा खेला। जितेश शर्मा हैं। गेंदबाजों में, युवा तेज गेंदबाजों की एक फौज है। नाम अभी मेरे दिमाग में नहीं आ रहे हैं। लेकिन, कम से कम चार या पांच ऐसे हैं जिन्हें उस 135-140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के आसपास तैयार किया जा सकता है। इसलिए मैं सफेद गेंद में प्रतिभा के बारे में चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा, इन दिनों आप देख सकते हैं (खिलाड़ियों को) बहुत चोटें लग रही हैं। मुझे हमेशा 15-20 (खिलाड़ियों) का समूह पसंद है। आपको हमेशा तैयार रहना चाहिए, आपके पास प्लान बी, प्लान सी होना चाहिए।

# मुंबई सिटी एफसी में पक्के हुए विनीत राय

मुंबई, 24 जून। मुंबई सिटी एफसी ने मिडफील्डर विनीत राय के साथ एक साल का आधिकारिक अनुबंध किया है। क्लब ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुंबई ने 25 वर्षीय विनीत को जनवरी 2022 में ओडिशा एफसी से ऋण पर लिया था। मुंबई सिटी एफसी के ऐतिहासिक 2022 एएफसी चैंपियंस लीग अभियान सहित सभी प्रतियोगिताओं में विनीत कुल 14 बार क्लब के लिये मैदान पर उतरे। मुंबई सिटी ने विनीत को एक और साल के लिये ऋण पर लिया और वह 2022-23 सीज़न के लिये भी क्लब का हिस्सा रहे। उन्होंने मुंबई सिटी की रिकॉर्ड-तोड़ आईएसएल शील्ड जीत में प्रभावशाली भूमिका निभाते हुए चेन्नईयिन एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ दो शानदार गोल भी किये।

टाटा फुटबॉल अकादमी से निकले विनीत ने 2016 में अपने हीरो आईएसएल करियर की शुरुआत की और अब तक कुल 90 लीग मैच खेले हैं। उन्होंने मुंबई में शामिल होने से पहले केरल ब्लास्टर्स, दिल्ली डायनामोज और ओडिशा एफसी में भी समय बिताया। विनीत ने क्लब के साथ आधिकारिक अनुबंध पर कहा, मैं मुंबई सिटी के साथ अपनी यात्रा को एक और साल के लिये बढ़ाने को लेकर रोमांचित हूं। यहां बिताये समय के दौरान मैंने जो सीखा और अनुभव किया, उससे मुझे आगे बढ़ने में काफी मदद मिली। कोच डेस, उनके स्टाफ और यहां मौजूद सभी लोगों ने मुझे पूरे दिल से समर्थन दिया है और मैं क्लब को पिछले सीजन की तरह ही सफलता हासिल करने में मदद करने के लिये प्रतिबद्ध हूं। मैं इस उल्लेखनीय टीम का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस करता हूं। मैं इस टीम और हमारे प्रशंसकों के लिये कड़ी मेहनत करना जारी रखने के लिये तैयार हूं। मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच डेस बकिंघम ने कहा, विनीत ने पिछले दो सीज़न में हमारे साथ अपने गुण दिखाए हैं। अगले सीज़न में वह हमारे लिये एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे।